**CBSE Class 09 HIndi Course A**

**NCERT Solutions**

**कृतिका पाठ-01 इस जल प्रलय में**

**1. बाढ़ की ख़बर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?**

**उत्तर:-** बाढ़ की ख़बर सुनकर लोग अपनी सुरक्षा के प्रबंध और अत्यावश्यक सामानों को जुटाने में लग गए। उन्होंने आवश्यक ईंधन, आलू, मोमबत्ती, दियासलाई, पीने का पानी और कम्पोज की गोलियाँ इकट्ठी करनी शुरू कर दी ताकि बाढ़ से घिर जाने पर कुछ दिनों तक उनका गुजारा चल सके और रोज़मर्रा के कार्यों के लिए उन्हें इन का अभाव न झेलना पड़े। दुकानों के निचले हिस्सों से सामान हटाया जाने लगा ताकि नुकसान कम से कम हो इसप्रकार सावधानी की दृष्टि से उन्होंने तैयारी की।

**2. बाढ़ की सही जानकारी लेने और बाढ़ का रूप देखने के लिए लेखक क्यों उत्सुक था?**

**उत्तर:-** मनुष्य होने के नाते लेखक भी जिज्ञासु प्रवृति के थे। उन्होंने बाढ़ के कहर को कभी भोगा नहीं था हाँ, वे बाढ़ पर लेख, कहानी, रिपोर्ताज आदि अवश्य लिख एवं पढ़ चुके थे परन्तु किसी नगर में,विशेषकर अपने नगर में पानी किस प्रकार घुसेगा यह जानना उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था । उन्हे बाढ़ के पानी को देखने की बड़ी उत्सुकता थी।

---

**3. सबकी जबान पर यही जिज्ञासा - 'पानी कहाँ तक आ गया है ?' इस कथन से जन समूह की कौन - सी भावनाएँ व्यक्त होती हैं ?**

**उत्तर:-** सबके मन में पानी कहाँ तक आ गया है ,इसकी ही जिज्ञासा थी । 'पानी कहाँ तक आ गया है ? 'इन शब्दों से जन मानस के कौतूहल, उत्सुकता और सुरक्षा की भावना प्रदर्शित होती दिखाई देती है ।

---

**4. 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?**

**उत्तर:-** बाढ़ के निरंतर बढ़ते हुए जल-स्तर को 'मृत्यु का तरल दूत' कहा गया है। बढ़ते हुए जल ने अपने तीव्र प्रवाह से भयानकता का संकेत दे दिया था। बाढ़ के इस बढ़ते हुए जल ने न जाने कितने लोगों के प्राण ले लिएऔर उन्हें बेघर करके मौत की नींद सुला दिया। इस तरल जल के कारण लोगों को बेमौत मरना पड़ा, इसलिए इसे मृत्यु का तरल दूत कहना बिल्कुल सही है।

---

**5. आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ़ से कुछ सुझाव दीजिए ।**

**उत्तर:-** (1) आपदाएँ किसी को बता कर नहीं आती इसलिए हमें चाहिए कि हमारी सरकार पहले से सभी प्रकार की आपदाओं से निपटने के इंतजाम कर ले।

(2) आपदाओं से संबंधित उपकरणों का उचित रख-रखाव होना चाहिए ताकि समय आने पर उनका उचित उपयोग किया जा सके ।

(3) आपदाओं से निपटने का सभी को प्रशिक्षण दिया जाय,स्वयंसेवक दल तैयार किए जाये।

(4) जनता तथा सरकार को आपदाओं के समय सूझ-बूझ, धैर्य तथा विवेक से काम लेना चाहिए ।

---

**6. 'ईह! जब दानापुर डूब रहा था तो पटनियाँ बाबू लोग उलटकर देखने भी नहीं गए। अब बूझो!" - इस कथन द्वारा लोगों की किस**

**मानसिकता पर चोट की गई है?**

**उत्तर:-** उक्त कथन के द्वारा लोगों के भीतर पाई जाने वाली क्षेत्रियता की भावना, स्वाभाविक कठोरता,पारस्परिक द्वेषपूर्ण मानसिकता तथा दूषित राजनीति पर चोट की गई है। यह आम जनता के मन की स्वाभाविक प्रतिक्रिया को भी दर्शाती है , प्रतिष्ठित लोग संकट की घड़ी में उन की सहायता करने के बजाय अपने निजी स्वार्थों को अधिक महत्व देते हैंऔर अपनी सुख-सुविधाओं को छोड़कर किसी संकटग्रस्त व्यक्तियों का हाल-चाल जानने का भी कष्ट नहीं करते।

---

**7. खरीद-बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी?**

**उत्तर:-** उत्सुक लोग बाढ़ को देखने के लिए बड़ी संख्या में इकट्ठे हो रहे थे। वे बाढ़ से भयभीत नहीं थे, बल्कि कौतुहल से युक्त थे। ऐसे समय में पान उनके लिए आपस में बातचीत करते हुए समय गुजारने का सबसे अच्छा साधन था ,वहाँ रेडियो होने से ताज़ा जानकारी भी मिल रही थी इसलिए अन्य सामानों की दुकानें जहाँ बंद होने लगी थीं, वहीं पान की बिक्री अधिक बढ़ गई थी।

**8. जब लेखक को यह अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किए?**

**उत्तर:-** जब लेखक को अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो वे रोजमर्रा की चीज़ें जुटाने में लग गए। उन्होंने आवश्यक ईंधन, आलू, मोमबत्ती, दियासलाई,पीने का पानी, कम्पोज की गोलियाँ इकट्ठी कर लीं ताकि बाढ़ से घिर जाने पर कुछ दिनों तक गुजारा चल सकें। उन्होंने पढ़ने के लिए किताबें भी खरीद ली। उन्होंने बाढ़ आने पर छत पर चले जाने का भी प्रबंध सुनिश्चित कर लिया।

---

**9. बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन-सी बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है ?**

**उत्तर:-** बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में हैजा, मलेरिया, टाइफाइड, उल्टी-दस्त, पेचिश, बुखार, डायरिया, कालरा आदि बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है, साथ ही पानी के बार-बार पैर में लगने के कारण पकने वाले घाव भी हो जाते हैं।

---

**10. नौजवान के पानी में उतरते ही कुत्ता भी पानी में कूद गया। दोनों ने किन भावनाओं के वशीभूत होकर ऐसा किया?**

**उत्तर:-** नौजवान और कुत्ता दोनों में परस्पर गहरी आत्मीयता थी। दोनों एक-दूसरे के सच्चे साथी थे। दोनों में परस्पर गहरा लगाव था । दोस्त होने के नाते उनमें पशु और मानव का भेद नहीं रह गया था।वे एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते थे। यहाँ तक कि नौजवान को कुत्ते के बिना मृत्यु भी स्वीकार नहीं थीऔर इसी अपनेपन की भावना के वशीभूत होकर कुत्ता भी पानी में कूद गया होगा ।

---

**11. 'अच्छा है, कुछ भी नहीं। कलम थी, वह भी चोरी चली गई । अच्छा है, कुछ भी नहीं - मेरे पास ।'- मूवी कैमरा, टेप रिकार्डर आदि की तीव्र उत्कंठा होते हुए भी लेखक ने अंत में उपर्युक्त कथन क्यों कहा ?**

**उत्तर:-** कलाकार प्रवृत्ति के होने के कारण लेखक को कैमरा, टेप रिकार्डर, मूवी कैमरा की आवश्यकता महसूस हुई ताकि वह इस बाढ़ का जीवंत चित्रण कर उसे सुरक्षित रख सकें परन्तु यदि वे ऐसा करते तो वे केवल एक दर्शक बनकर रह जाते और बाढ़ को साक्षात् अनुभव करने का अवसर उनके हाथ से निकल जाता । इसलिए उन्होंने उपर्युक्त कथन कहा कि अच्छा है कुछ नहीं है मेरे पास ।

**12. आपने भी देखा होगा कि मीडिया द्वारा प्रस्तुत की गयी घटनाएँ कई बार समस्याएँ बन जाती है, ऐसी किसी घटना का उल्लेख कीजिए ।**

**उत्तर:-** जहाँ मीडिया समाज को जागृत करने का प्रयास करता है वही कई बार समस्याओं को बढ़ा भी देता है । उदाहरण स्वरुप बाबरी मस्जिद काण्ड । इस घटना को इतना बढ़ा- चढ़ाकर मीडिया में दिखाया गया कि जिसके परिणाम स्वरुप पूरा देश सांप्रदायिक दंगों की चपेट में आ गया और आजतक कोई हल नहीं निकल पाया।

**13. अपनी देखी -सुनी आपदा का वर्णन कीजिए ।**

**उत्तर:-** जुलाई 2005 पूरा मुंबई शहर बाढ़ में डूब गया था। पूरा का पूरा शहर जल में डूब चूका था । करीब एक बजे के आस-पास वर्षा ने अपना जो प्रलयंकारी रूप धरा वह करीब हफ्ते भर जारी रहा।लोग दफ्तरों दुकानों और काम के स्थानों में फँसे के फँसे रह गए । नन्हें बच्चे विद्यालय में बिना बिजली के पूरी रात काटने के लिए मजबूर हो गए। इस त्रासदी में न जाने कितनी जानें गई और देश की इस आर्थिक राजधानी को कितना आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा ।